आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.08.2026

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल भ्रमण के दौरान आम जन की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग में वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान में वीर वंदन भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
- उत्तरकाशी के प्रसिद्ध दयारा बुग्याल में लगातार हो रहे भूस्खलन और ट्रैक पर पड़ी दरारों को लेकर बड़े स्तर पर सर्वेक्षण की तैयारी।
- **और,** चमोली के टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में हुए हादसे के बाद लापता दो लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान तेज।

## क्विज प्रतियोगिता

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार, देहरादून द्वारा एक अगस्त से 15 अगस्त तक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**हमारा कल का प्रश्न था––** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल

किले की प्राचीर से पहली बार कौन–सा गीत गाया?

सही उत्तर है– वंदे मातरम**।**

सबसे पहले सही उत्तर भेजने वाले विजेता हैं– उत्तराखंड, के हल्द्वानी की रमा तिवारी।

आकाशवाणी समाचार, देहरादून की ओर से आपको हार्दिक बधाई।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नैनीताल भ्रमण पर राजकीय इंटर कॉलेज लाखनमंडी चोरगलिया पंहुचे, भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज लाखनमंडी में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें।

उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी–चोरगलिया–सितारगंज मार्ग में शेर नाला नव निर्मित 120 मीटर स्पान डबल लेन आर सी सी कंक्रीट सेतु का लोकार्पण किया।

## रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग में वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान में वीर वंदन भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया सैनिकों का शौर्य, पराक्रम और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में सम्मानित हुए पूर्व सैनिकों और वीर नारियों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। सैनिकों ने कहा कि ऐसे आयोजन उनके मनोबल को बढ़ाते हैं और समाज को सैनिकों के त्याग और संघर्ष से जोड़ने का काम करते हैं।

## एनटीए

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने इस वर्ष जून में हुई यूजीसी–नेट परीक्षा के 84 विषयों के अनंतिम उत्तर जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार 18 अगस्त तक इन उत्तरों को चुनौती दे सकते हैं। इसके लिए यूजीसी–नेट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हर उत्तर पर आपत्ति के लिए 200 रुपये का शुल्क देना होगा। उम्मीदवारों को अपनी आपत्ति के समर्थन में दस्तावेज भी जमा करने होंगे। एनटीए ने कहा है कि किसी अन्य माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख भी 18 अगस्त ही है। एनटीए ने बताया कि अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र सहित तीन विषयों के प्रश्न–पत्रों में संभावित त्रुटियों से जुड़ी शिकायतों की जांच के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर इन तीनों विषयों के बारे में अलग से सार्वजनिक सूचना आज जारी की जाएगी।

## उत्तरका"ी

उत्तरकाशी के प्रसिद्ध दयारा बुग्याल में लगातार हो रहे भूस्खलन और ट्रैक पर पड़ी दरारों को लेकर अब बड़े स्तर पर सर्वेक्षण की तैयारी है। पिछले वर्ष से पापड़ गाड़ क्षेत्र में लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिसका असर इस बार भी देखने को मिला। पापड़ गाड़ के उफान से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी कई स्थानों पर प्रभावित हुआ, जिससे यातायात और यात्रा व्यवस्थाओं में दिक्कतें आईं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी है।

## सन्डे ऑन साइकिल थीम

चम्पावत जिले में फिट इंडिया मूवमेंट' के  तहत  एसएसबी द्वारा सन्डे ऑन साइकिल थीम पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचम वाहिनी के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस दौरान जवानों द्वारा में हर घर तिरंगा अभियान एवं वन्दे मातरम् अभियान के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय से चम्पावत बाजार तक हर घर तिरंगा रैली एवं देशभक्ति दौड़ का भी आयोजन किया गया। जिसमें जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कमांडेंट  सुरेंद्र विक्रम ने बताया की रैली का मुख्य उद्देश्य बलकार्मिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## चमोली

चमोली के टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में हुए हादसे के बाद लापता दो लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया। जिला प्रशासन की निगरानी में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस और अन्य रेस्क्यू टीमें टनल के भीतर सघन खोजबीन में जुटी टनल के भीतर पानी का स्तर कम करने के लिए पंपों के माध्यम से लगातार पानी बाहर निकाला जा रहा है। इसके साथ ही मलबा हटाने और टनल में फंसी मशीनों व भारी अवरोधों को बाहर निकालने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हादसे के बाद टनल से अब तक कुल 20 लोगों को

बाहर निकाला गया है। इनमें 12 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ लोगों की मृत्यु हुई है। टनल में फंसे दो शेष लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।

## बदरीनाथ धाम

बदरीनाथ धाम में दो दिवसीय नर–नारायण जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ। जन्मोत्सव के पहले दिन सुबह बदरीनाथ के मंदिर में भगवान नर–नारायण का अभिषेक एवं विशेष पूजन–अर्चना मंदिर के रावल द्वारा संपन्न कराया गया। पूजन के बाद भगवान नर–नारायण की उत्सव डोली माता मूर्ति मंदिर के लिए रवाना हुई। माता मूर्ति मंदिर पहुंचने पर भगवान नर–नारायण जी ने अपनी माता मूर्ति देवी के दर्शन किए और उनके सानिध्य में विराजमान हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में द्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

धर्मधिकारी स्वयंवर सेमवाल ने बताया की जन्मोत्सव के दूसरे दिन भगवान नर–नारायण जी की उत्सव डोली उनके जन्मस्थान बामणी गांव स्थित लीला ढूंगी पहुंचेगी।

## नशा मुक्त भारत अभियान

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस पर चम्पावत में दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चम्पावत, लोहाघाट और टनकपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर स्वस्थ समाज और नशामुक्ति का संदेश  दिया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि युवाओं को नशे की गर्त से बचाकर सकारात्मक दिशा में ले जाने का सशक्त माध्यम भी हैं।